बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड),
पटना – 800001

आवश्यक सूचना

सहायक अभियोजन पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰–39/2009)

सहायक अभियोजन पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰–39/2009) दिनांक 21.07.2012 को पटना अवस्थित 43 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी जिसमें सामान्य अध्ययन एवं विधि विषयों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा ली गई थी। प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला '**A**', '**B**', '**C**' एवं '**D**' के आदर्श उत्तर दिनांक 28.07.2012 से आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के आदर्श उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो तो इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव अपने नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक 17.08.2012 की संध्या 5.00 बजे तक बिहार लोक सेवा आयोग में प्राप्त हो जाए। लिफाफा पर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम अवश्य लिखें। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना